(10)

# निगम से संबंधित करो की बकाया राशि जमा कर अधिभार (पेनल्टी) में छूट प्राप्त करें

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

25-8-21

शासन निर्देशानुसार नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) वैष्विक महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण प्रायः रोजगार में कमी, उद्योग-धन्धे में गिरावट, सर्विस सेक्टर आदि में शिथिलता परिलक्षित होने के फलस्वरूप निगम से संबंधित करों, उपभोक्ता प्रभार आदि की बकाया राशि एक मुश्त जमा कराने पर अधिभार (पेनल्टी) में 31 अगस्त 2021 तक छूट दी जा रही है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि संपत्तिकर तथा अधिभार की राशि रूपये 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, संपत्तिकर तथा अधिभार की राषि रूपये 50 हजार से अधिक तथा रूपये 1 लाख तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट व संपत्तिकर तथा अधिभार की राशि रूपये 1 लाख से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

इसके अलावा जलकर अधिभार की राषि रूपये 10 हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट, जलकर तथा अधिभार की राशि रूपये 10 हजार से अधिक तथा रूपये 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट, जलकर तथा अधिभार की राशि रूपये 50 हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

इसी तरह नगरीय निकायों द्वारा चयन की गई परिसंपत्तियों के भूभाटक/किराये की अधिभार सहित कुल देय राशि रूपये 20 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट, अधिभार सहित कुल देय राषि रूपये 20 हजार से 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार मे 50 प्रतिशत की छूट तथा अधिभार सहित कुल देय राषि रूपये 50 हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। उक्त छूट मात्र अधिभार पर लागू होगी तथा ब्याज, स्टॉप ड्यूटी, मूल कर, मूल उपभोक्ता प्रभार अथवा मूल भूभाटक/किराये पर लागू नहीं होगी।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि संपत्तिकर, जलकर व नगरीय निकायों द्वारा चयन की गई परिसंपत्तियों के भूभाटक/किराये की बकाया राशि नगर निगम कार्यालय में जमा कर उक्तानुसार छूट प्राप्त करें।

सिंघम टाईम्स
25-8-2021

15

# सैलाना रोड के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी अवैध निर्माण की भरमार

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सैलाना रोड पर बरबड़ के पास स्थित होटल और मैरिज गार्डन संचालक द्वारा नाले पर किए गए अवैध निर्माण को तोड़ने के आदेश देकर शहरवासियों में नई उम्मीदें जगा दी हैं। शहर में सैलाना रोड सहित कई क्षेत्रों में अवैध निर्माण और अतिक्रमणों की भरमार है। कलेक्टर की नजर उन पर भी हो, तो उन्हें भी तोड़ने के आदेश किए जा सकेंगे।

बताया जाता है कि सैलाना रोड पर होटल और मैरिज गार्डन संचालक कृष्ण चंद्र चौधरी को पूर्व कलेक्टर गोपाल चंद्र डांड द्वारा निर्माण की अनुमति दी गई थी। इस अनुमति की शर्तों का उल्लंघन करते हुए होटल एवं मैरिज गार्डन संचालक ने नाले पर पुलिया बनाकर पक्का निर्माण कर लिया था। क्षेत्र की पूर्व पार्षद सीमा टांक ने इसकी शिकायत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को की थी। इस पर मैरिज गार्डन संचालक को दी गई अनुमति निरस्त कर उसके द्वारा कराए गए अवैध निर्माण तोड़ने के आदेश जारी किए गए।

इस अवैध निर्माण के कारण बरबड़ क्षेत्र स्थित हनुमान ताल का केचमेंट एरिया प्रभावित हो रहा था। हनुमान ताल में पानी भेजने वाले नाले पर पुलिया निर्माण के साथ करीब 360 वर्ग फीट सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण होना पाया गया था। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शिकायत की जांच के बाद पूर्व कलेक्टर द्वारा जारी निर्माण अनुमति को निरस्त कर नाले पर बने अवैध निर्माण को तोड़ने के आदेश जारी किए। इसके बाद राजस्व विभाग और नगर निगम की टीम ने सैलाना रोड स्थित निर्माणाधीन मैरिज गार्डन के बाहर नाले पर बने अवैध निर्माण को तोड़ दिया।

गौरतलब है कि हनुमान ताल को बारिश के पानी से लबालब करने वाले उक्त नाले पर होटल एवं मैरिज गार्डन संचालक ने पहला अवैध निर्माण नहीं किया है। इससे पहले भी इस नाले पर अवैध निर्माण होने की कई शिकायतें सामने आ चुकी हैं। इन निर्माणों को करने में कुछ कॉलोनाइजर भी शामिल हैं, जिन्होंने नाले की दशा और दिशा ही बदल दी है। कॉलोनाइजर द्वारा निर्माण होने के दौरान भी क्षेत्रवासियों ने शिकायतें कर हो-हल्ला मचाया था, लेकिन तब प्रशासन ने सख्ती नहीं दिखाई। इससे नाले पर हुए निर्माण स्थायी हो गए हैं। सैलाना रोड के अलावा रतलाम में अन्य क्षेत्रों में भी कई जगह ऐसे ही निर्माणों की भरमार है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मैरिज गार्डन संचालक को दी गई अनुमति निरस्त कर पूर्व में कॉलोनाईजर सहित अन्य लोगों द्वारा नाले पर अनुमति के विपरीत किए गए अवैध निर्माणों पर भी कार्यवाही की उम्मीदें जगा दी हैं। कलेक्टर के इस रवैये के बाद अवैध निर्माण करने वालों में खलबली मची हुई है।

उपग्रह

26-8-2021

(22)

दैनिक भास्कर, गुरुवार, 26 अगस्त, 2021 | 2

**त्रिपोलिया गेट पर प्रशासन का एक्शन** • कांग्रेस नेता जगदीश राठौड़ के बेटे पर हमले के अगले ही दिन प्रशासन ने कब्जा हटाने का खाका बनाया था

# कांग्रेस नेता के बेटे पर हमले के 72 घंटे बाद जागा प्रशासन लिस्टेड गुंडे संजय चौधरी का तीन दशक पुराना कब्जा ढहाया

## मंगलवार को नोटिस दिया व बुधवार को मार्केट हटाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

माणकचौक थाने के लिस्टेड गुंडे व कांग्रेस नेता संजय चौधरी का त्रिपोलिया गेट पर तीन दशक से ज्यादा पुराना अतिक्रमण पुलिस और जिला प्रशासन ने बुधवार को ढहा दिया। 1600 स्क्वेयर फीट पर बनी चार दुकानें और एक ऑफिस को तोड़ा गया।



संजय चौधरी

त्रिपोलिया गेट स्थित नमकीन दुकान पर रविवार रात को आरोपी संजय चौधरी और उसके साथियों ने तलवार और बेसबॉल के बैट से कांग्रेस नेता जगदीश राठौड़ के बेटे राजपुरा पंचायत के पूर्व सरपंच शंकर पर हमला कर दिया था। घायल शंकर को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से इंदौर रेफर कर दिया था।

बुधवार को कार्रवाई की जमीन सोमवार को पुलिस और जिला प्रशासन की हुई मीटिंग में तैयार हो गई थी। पिछले दिनों प्रदेश शासन द्वारा चलाए अभियान में पुलिस ने जिले के सफेदपोश अपराधियों की संपत्ति की जानकारी एकत्र की थी। मीटिंग में एसपी गौरव तिवारी ने जानकारी दी और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने नगर निगम आयुक्त को कार्रवाई के निर्देश दिए। मंगलवार को कमिश्नर सोमनाथ झारिया ने नोटिस दिया तथा बुधवार को निगम दल ने दो जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटा दिया।

घटना में कल्याण नगर निवासी गोपाल पंवार को भी चोट लगी। गोपाल की रिपोर्ट पर माणकचौक थाने में आरोपी संजय पिता फकीरचंद चौधरी निवासी कल्याण नगर, गौरव शर्मा, अज्जू बरगुंडा, पवन, दीना राठौड़, योगेश रेगर व अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**ऐसे किया कब्जा :** करीब 35 साल पहले पहले यहां पशु आहार कटता था फिर पक्का निर्माण कर लिया था। बाद में पतरे लगवाकर दुकानें भी बना लीं और समय बीता तो दुकानें भी पक्की बन गई थीं।

| कार्रवाई : कब-क्या | | | |
|---|---|---|---|
| **11:00** बजे पुलिस और प्रशासन व नगर निगम टीम दो जेसीबी लेकर पहुंचे। दुकानदार और परिजन ने विरोध किया। अतिक्रमण का नोटिस पहले दिया था इसलिए ज्यादा देर तक विरोध नहीं कर पाए। | **11:10** दुकानदारों ने सामान हटाना शुरू किया। | **11:40** बजे तक दुकानों और ऑफिस का सामान, बोर्ड, पतरे आदि हटा लिए। | **11:45** से 1 बजे तक दो जेसीबी ने अतिक्रमण ध्वस्त कर दिया। |




त्रिपोलिया गेट पर प्रशासन की कार्रवाई से पहले दुकानें।



अमले की बुधवार दोपहर कार्रवाई के बाद बिखरा पड़ा मलबा।

### हर रोज होते थे विवाद

आरोपी संजय पर जमीनों पर कब्जा करने और विवादित जमीनें कब्जेधारियों को धमकाकर सस्ती कीमत में ले लेता था। त्रिपोलिया गेट के ऑफिस में लोगों को बुलाकर धमकाता और मारपीट कर कागजों पर दस्तखत करवा लेता था। त्रिपोलिया गेट पर आए दिन मारपीट की घटनाएं होती थीं।

### दुकानदार और परिजन ने विरोध किया

बुधवार को जब कार्रवाई शुरू हुई तब पता चला कि अतिक्रमण है। 11 बजे शुरू हुई कार्रवाई दोपहर 1 बजे तक चली। एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, नगर निगम कमिश्नर सोमनाथ झारिया, माणकचौक थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया, सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल दल-बल के साथ मौजूद थे। कार्रवाई शुरू हुई तो दुकानदार व संजय के परिजन ने विरोध किया परंतु प्रशासन ने अवैध निर्माण ढहा दिया। कार्रवाई शुरू करने से पहले त्रिपोलिया गेट पर दोनों तरफ बैरियर लगाकर आने-जाने के रास्ता रोक दिया था। कार्रवाई शुरू हुई तो तमाशबीनों की भीड़ लग गई।

### लिस्टेड गुंडा है संजय चौधरी

थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया ने बताया आरोपी संजय चौधरी थाने का लिस्टेड गुंडा है। उसके खिलाफ मारपीट, व अन्य धाराओं में 15 प्रकरण दर्ज हैं। इनमें से दो दीनदयाल नगर थाने और एक आईए थाने में दर्ज हैं। थाना प्रभारी राजोरिया ने बताया आरोपी योगेश रेगर निवासी हिम्मत नगर को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेजने के आदेश हुए हैं।

### इनका कहना है

*संजय का अवैध निर्माण था। यहां शराब पीकर विवाद करने की शिकायतें आ रहीं थीं। प्रशासन ने अतिक्रमण हटा दिया है। सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई की जाएगी।*
**गौरव तिवारी,** एसपी रतलाम

*अतिक्रमण स्पष्ट होने पर नोटिस जारी किया गया था। बुधवार को विधिवत कार्रवाई की गई है।*
**सोमनाथ झारिया,** निगमायुक्त रतलाम

*पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है। मेरे बेटे की हालत गंभीर है। खून बहना बंद नहीं हुआ है। उसे अंदरुनी चोट भी लगी है।*
**जगदीश राठौड़,** कांग्रेस नेता, रतलाम ग्रामीण

दै० भास्कर
26-8-2021

**त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में पिछले दिनों ही अपने ही पार्टी के नेता पुत्र पर किया था साथियों के साथ प्राणघातक हमला**

# यूकां के पूर्व अध्यक्ष के अवैध अतिक्रमण पर चली प्रशासन व

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 26-8-2021

रतलाम. युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के रूप मे नेतागिरी करने के बाद गुंडा तत्व बने पूर्व मंडी अध्यक्ष फकीरचंद चौंधरी के पुत्र संजय चौधरी द्वारा किए गए अतिक्रमण पर पुलिस बुधवार को प्रशासन का बुल्डोजर चला और देखते ही देखते अतिक्रमण कर बनाई गई चार दुकानें नेस्तानाबूद कर दी गई। इन्हीं दुकानों के पास उसका अपना कार्यालय भी चलता था। इसे भी प्रशासन की टीम ने तोड़कर जमींदोज कर दिया। गुंडा तत्वों की संपत्ति पर यह कार्रवाई प्रशासन, पुलिस और नगर निगम के अमले ने संयुक्त रूप से अंजाम दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। किसी अनहोनी की आशंका में भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया था।



**एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है चौधरी पर**

कांग्रेस नेता से गुंडा बने संजय चौधरी पर माणकचौक पुलिस थाने में करीब आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है। ताजा मामला रक्षाबंधन के दिन संजय चौधरी ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर अपनी ही पार्टी के नेता जगदीश चौधरी के पुत्र पूर्व सरपंच शंकर राठौड़ और गोपाल पंवार पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में माणकचौक पुलिस ने संजय चौधरी और उसके साथियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। घटना के बाद से ही चौधरी फरार है। बताया जाता है कि उसके विरुद्ध करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है। प्रशासन ने उसके विरुद्ध रासुका की कार्रवाई भी प्रस्तावित की है।

## विरोध करने पहुंचे थे कुछ लोग, किसी की नहीं च

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ लोग दस्तावेज लेकर विरोध करने भी पहुंचे थे। इनका कहना था कि दुकान और जगह किसकी है यह तो देखें और फिर अतिक्रमण हटाया जाए। निगम अमले ने दो टूक शब्दों में कह दिया कि एसडीएम से चर्चा की जाए। एसडीएम के आने के पहले दस्तावेज भी दिखाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने दस्तावेज लेकर उन्हें चलता कर दिया। उन्हें बता दिया गया कि जो भी वैधानिक होगा उसी अनुसार कार्रवाई हो रही है। एसडीएम के आने के बाद भी कुछ लोगों ने इस तरह का प्रयास किया किंतु विरोध काम नहीं आया।





संजय चौधरी पर विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। वह पुलिस के रिका
सूचीबद्ध गुंडा है। उसके द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर कार्यालय बनाया गया था। गुंडे चौधरी
खिलाफ रासुका की कार्रवाई भी की जा रही है। - **अभिषेक गेहलोत,** एसडीएम, शहर

पत्रिका
26-8-2021

6



**निर्माण** • दो बत्ती चौराहे से डाट की पुल रोड के फोरलेन का काम शुरू हुआ, रेलवेकर्मियों की परेशानी बढ़ी

# बिना इत्तला फोरलेन की खुदाई, पखवाड़े भर 22 हजार लोगों को 3 किमी का चक्कर लगाना होगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

दो बत्ती चौराहे से डाट की पुल वाली सड़क को फोरलेन में तब्दील करने का काम बुधवार से शुरू हो गया। वह भी बिना किसी पूर्व सूचना के। सुबह दुकानें खुलीं, रहवासी घर से बाहर निकले तब तक डाट की पुल और दो बत्ती चौराहा पर बैरिकेडिंग कर रास्ता बंद हो चुका था तो जेसीबी पुरानी सड़क उखाड़ रही थी। इससे सबसे ज्यादा समस्या रेलवे कॉलोनी सहित आसपास की दस से ज्यादा कॉलोनियों के रहवासियों के सामने आ खड़ी हुई है।

रास्ते के अचानक बंद होने से उनका मुख्य शहर से सीधा संपर्क टूट गया है। अब उनके पास मुख्य शहर तक पहुंचने के दो ही वैकल्पिक रास्ते हैं। एक सैलाना ओवरब्रिज होकर, दूसरा घटला ब्रिज होकर। इसके लिए भी उन्हें तीन से चार किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा। यह परेशानी चार हजार से ज्यादा रेलकर्मियों समेत अन्य कॉलोनियों के 22 हजार से ज्यादा रहवासियों को 15 से 20 दिन भोगना पड़ेगी। 220 मीटर लंबी यह सड़क 12 मीटर चौड़ी बनेगी। इसके लिए बुधवार को दुकानों और घरों के बाहर का कुछ कच्चा-पक्का अतिक्रमण भी हटाना पड़ा। इसके लिए निगम के इंजीनियरों ने मंगलवार को नपती कर चूने की लाइन डाल दी थी।

**इनकी परेशानी :** • रेलवे न्यू और ओल्ड रेलवे कॉलोनी, शिमला कॉलोनी, चंबल कॉलोनी, नर्स कॉलोनी, पीएंडटी कॉलोनी, इंद्रा नगर, देवरादेवनारायण नगर, मालवा नगर, लक्ष्मणपुरा आदि।

## सड़क बनते ही पूरी हो जाएगी 16 करोड़ रुपए की योजना, रेलवे कॉलोनी सहित दस कॉलोनियों के लोग प्रभावित



बैरिकेडिंग करने के बाद सड़क की खुदाई करती जेसीबी।

- मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना में 16.38 करोड़ में सैलाना बस स्टैंड से कॉन्वेंट स्कूल तिराहा, शहर सराय से न्यू रोड चौराहा, दो बत्ती से डाट की पुल तक की 3 सड़क बनना है।
- बुधवार से शुरू हुआ 220 मीटर लंबी डाट की पुल रोड का काम पूरा होते ही योजना पूरी हो जाएगी। वर्तमान में दो बत्ती चौराहा से कॉन्वेंट स्कूल तिराहा तक की लगभग 720 मीटर लंबी
- इनमें से शहर सराय से न्यू रोड चौराहा तक 850 मीटर लंबा टू लेन और सैलाना बस स्टैंड से दो बत्ती चौराहा तक लगभग 1000 मीटर लंबा फोरलेन बन चुका है।

## डाट की पुल, दो बत्ती चौराहा व पॉवर हाउस रोड बने पार्किंग



रास्ता बंद होने से डीआरएम कार्यालय के रेलकर्मी वाहन ऑफिस नहीं ले जा पाए। उन्होंने डाट की पुल, दो बत्ती चौराहा व डीआरएम ऑफिस पॉवर हाउस रोड पर ही वाहन खड़े कर दिए। इससे ट्रैफिक रुकने लगा तो पुलिस जवानों ने पहुंचकर वाहनों को हटवाया। जगह नहीं मिलने लोग डीआरएम कार्यालय में वाहन खड़े करने लगे तो रेलवे को गेट बंद कर आरपीएफ जवान तैनात करना पड़े। दोपहर को आयुक्त सोमनाथ झारिया, सिटी इंजीनियर सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी चल रहे कार्य का निरीक्षण करने भी पहुंचे।

## अब इन रास्तों से 3-4 किमी चक्कर लगाना होगा

- रेलवे कॉलोनी-बकरा पुल-घटला ब्रिज-जावरा फाटक अंडर ब्रिज-स्टेशन रोड होकर दो बत्ती चौराहा।
- गांधीनगर-जवाहरनगर-सैलाना रोड-सैलाना बस स्टैंड-पॉवर हाउस रोड होकर दो बत्ती चौराहा

ठेकेदार को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। रहवासियों को ज्यादा परेशानी न हो इसलिए दोनों तरफ बैरिकेडिंग कर यातायात रोक दिया है। इससे काम रफ्तार से होगा।
**सोमनाथ झारिया,** कमिश्नर

पहले कमांडेंट ऑफिस तक व फिर डाट की पुल तक रोड बनाना थी। इससे डीआरएम ऑफिस के कर्मचारी कमांडेंट ऑफिस वाले रास्ते से आना-जाना कर पाते। योजना बनाकर काम करवाना था।
**प्रकाश व्यास,** रेल कर्मचारी नेता

सड़क की खुदाई शुरू कर दी है। 15 दिन में सड़क बना देंगे। सड़क की चौड़ाई कम होने से एक तरफ काम और दूसरी तरफ यातायात चालू नहीं रख सकते क्योंकि हमारे वाहन भी चलेंगे।
**नीलेश पिरोदिया,** ठेकेदार

डीआरएम ऑफिस के कर्मचारी इसी रास्ते से आते-जाते हैं। काम के पहले निगम को रेलवे से बात कर वैकल्पिक इंतजाम करना थे। दूर वाहन खड़ा करके पैदल आना पड़ा।
**अशोक तिवारी,** मंडल प्रवक्ता-वेरे एम्पलाइज यूनियन

26-8-2021

# कोरोना बहुरूपिया बीमारी-मुख्यमंत्री

(17)

प्रभात किरण 26-8-2021

## मुख्यमंत्री आज रतलाम आएंगे

रतलाम ● मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आज रतलाम आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री चौहान हेलीकॉप्टर द्वारा 26 अगस्त को दोपहर 1:20 बजे बंजली हवाईपट्टी आएंगे। वे रतलाम में स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर इसी दिन दोपहर 3 बजे बंजली हवाईपट्टी से हेलीकॉप्टर द्वारा इंदौर प्रस्थान कर जाएंगे।

26-8-2021

## वैक्सीनेशन के लिए सजाए सेंटर



**रतलाम, नप्र।** कोरोना बहुरूपिया बीमारी है। यह कब बढ़ जाए... तय नहीं है, इसलिए लगातार सतर्कता जरूरी है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में केस बढ़ रहे हैं। देश में केरल के भी यही हाल है। अब हम फिर से कोरोना के दर्द को झेल नहीं सकते हैं इसलिए बचाव बहुत जरूरी है। वैज्ञानिक और डॉक्टरों का मत यही है कि कोरोना अनुकूल व्यवहार और टीका लगाना से ही कोरोना से बचाव संभव है। प्रदेश में टीके की नहीं जागरूकता की कमी है।

यह कहना है मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीका लगाए जाने के लिए अब घ-घर ढूंढो अभियान चलाया जाएगा। जिन लोगों ने टीका नहीं लगवाया है उनकी तलाश कर उन्हें टीका लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने अब तक टीका नहीं लगवाया है उन लोगों को टीका लगाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। वैक्सीनेशन जिंदगी का डोज है। यह कोरोना संक्रमण से बचने का कवच है। टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने का संकल्प दिलाने के लिए मुख्यमंत्री चौहान आज यहां नगरवासियों को संकल्प दिलाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना पर नियंत्रण होने के कारण धीरे-धीरे लोग निश्चिंत होने लगे हैं जो ठीक नहीं है। कोरोना से बचाव के लिए हमें हमारा कर्त्तव्य करना है। पहला डोज लगवाने के बाद दूसरा डोज नहीं लगवाया तो डोज बेकार हो जाएगा। इसलिए लोगों में जागरूकता के लिए ही टीकाकरण महाअभियान का दूसरा चरण शुरू किया है।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सितम्बर 21 तक प्रदेश के सभी लोगों को वैक्सीन का पहला डोज लग जाए और दिसम्बर तक वैक्सीन का दूसरा डोज भी लग जाए।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार मानते हुए कहा कि सरकार की ओर से 11 लाख डोज मंजूर किए है उसी आधार पर ही महाअभियान संचालित किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री रतलाम में

**रतलाम, नप्र।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आज रतलाम आएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने रतलाम शहर के वैक्सीनेशन सेंटर्स का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वेक्सीनेशन सेंटर्स पर सारी सुविधा चाकचौबंद हो इसके लिए खुद कलेक्टर और एसपी ने बरबड़ स्थित विधायक सभागृह, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल एवं लायंस हॉल राजस्व कालोनी के वैक्सीनेशन सेंटर्स पहुंचकर इंतजामों को देखा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े, एडिशनल एसपी सुनील पाटीदार, डॉ. इन्द्रजीत बाकंलवार,अधिकारी मौजूद थे।

## 85 फीसदी काम पूरा



**रतलाम, नप्र।** वैसे देखा जाए तो रतलाम में टीकाकरण का काम 85 प्रतिशत से अधिक पूरा हो चुका है। जो लोग टीका लगाने से बचे हैं उन्हें प्रेरित करने के लिए सीएम खुद भोपाल से रतलाम आ रहे है ताकि लोग समय पर टीका लगवा सकें और टीके का काम शत-प्रतिशत पूरा हो जाए।

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान रतलाम के लोगों को कोविड-19 टीका लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए टीके लगाए जाने वाले केन्द्रों पर पहुंचे। आज टीकाकरण वाले केन्द्रों को अनूठे ढंग से दूल्हन की तरह सजाया संवारा गया। टीके लगाने के लिए आन वाले लोगों को भी किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आने दी। सारे सेंटरों पर सारी सुविधा चाकचौबंद रही वहीं पुलिस की तैनाती भी रही। सुबह से ही सेंटरों के आसपास आने-जाने वाले रास्ते रोक दिए वजह इन सेंटरों पर मुख्यमंत्री जाने वाले है।

मुख्यमंत्री वायुयान से दोपहर 1.20 पर आएंगे। बंजली हवाईपट्टी से सीधे अलकापुरी कम्युनिटी हॉल एवं लायंस हॉल के टीकाकरण केन्द्रों का जायजा लेने पहुंचेंगे। वहां से विधायक सभागृह में टीकाकरण अभियान में लगे स्वास्थ्यकर्मियों व अन्य सहयोगियों का सम्मान करेंगे। प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया भी रतलाम आए है।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने टीका लगाने से बचे ऐसे सभी लोगों से आव्हान किया कि वे टीकाकरण करवाकर मुख्यमंत्री के आगमन को सफल बनाए। काश्यप ने बताया कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए मास्क के बाद टीकाकरण ही दूसरा अचूक उपाय है। रतलाम में इसके लक्ष्य को पूरा करने के लिए दो दिवसीय महाअभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री के आगमन से नगरवासी जागरूक होंगे। इससे महाअभियान का लक्ष्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## अभियान में एक ही दिन में 70 हजार टीके लगाए

**रतलाम, नप्र।** कोविड-19 वैक्सीनेशन के लिए दो दिवसीय महा अभियान में कल 25 अगस्त को रतलाम जिले ने नया रिकॉर्ड बनाया। महाअभियान के पहले दिन ही जिले में 70 हजार टीके लगाए गए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि वैक्सीनेशन महा अभियान 2 के लिए राज्य शासन ने रतलाम जिले को अभियान के पहले दिन 38 हजार टीके लगाने का लक्ष्य दिया था। जिला प्रशासन ने इस लक्ष्य को बढ़ाए जाने के लिए अनुरोद किया तब राज्य शासन ने 38 हजार के बजाय 60 हजार का लक्ष्य दिया लेकिन रतलाम जिले में सबके सहयोग से 70 हजार टीके लगाए गए जो अब तक का एक रिकॉर्ड है। कलेक्टर ने विभिन्न टीकाकरण केन्द्रो पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी साथ थे।

प्रभात किरण 26-8-2021

(2)




बुधवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जैन मंदिर, जवाहर चौक स्थित टीकाकरण केंद्र पर नागरिकों को वैक्सीनेशन करवाने की शपथ दिलवाई।

## मुख्यमंत्री ने भोपाल में किया वैक्सीनेशन महाअभियान-2 का शुभारंभ

# प्रदेश में पहले ही दिन लक्ष्य से डेढ़ लाख ज्यादा हुआ टीकाकरण

भोपाल, (प्रसं)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी से आवश्यक रूप से वैक्सीनेशन कराने की अपील करते हुए बुधवार को कहा कि वायरस से बचने का एक मात्र उपाय वैक्सीन है, इसलिए हम वैक्सीन जरूर लगवाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें।

श्री चौहान बुधवार को यहां जवाहर चौक स्थित टीकाकरण केंद्र में एमपी वैक्सीनेशन महाअभियान दो का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़े दुख सहे हैं हमने, कई अपनों को खोया है हमने। इसलिए हमें वैक्सीनेशन के मामले में लापरवाह नहीं होना है। वायरस से बचने का एक मात्र उपाय है वैक्सीन ही है। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि सितंबर के अंत तक वैक्सीन का पहला डोज साढ़े पांच करोड़ लोगों को लगाकर उनकी जिंदगी को सुरक्षित कर लें और दूसरा डोज दिसंबर के अंत तक लग जाए। ये दोनों डोज लगने के बाद भी अगर संक्रमण होगा तो भी वह जानलेवा नहीं होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन धर्म में एक बात कही गई है। जिओ और जीने दो। आज के संदर्भ में कहूं तो यह वैक्सीन जीने के लिए जरूरी है। जीने दो का मतलब है कि हम दूसरों को भी वैक्सीन लगवाकर उन्हें भी जीने दें। जो नहीं समझ रहे हैं उन्हें समझाएं। बुजुर्ग, दिव्यांग और गर्भवती बहनों समेत कई लोग ऐसे हैं, जो वैक्सीनेशन सेंटर पर नहीं आ सकते हैं, उन्हें घर-घर जाकर भी वैक्सीन लगाएंगे।

### इंदौर और उज्जैन में एक लाख से ज्यादा को लगा टीका, भोपाल में 65 हजार

मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन महाअभियान का दूसरा चरण शुरू हो गया है। अभियान के पहले दिन शाम 6
बजे तक 19 लाख 95 हजार 263 लोगों को टीका लग चुका है। सबसे ज्यादा इंदौर में 1 लाख 12 हजार
880 लोगों को वैक्सीन लगी। दूसरे नंबर पर उज्जैन शहर है। यहां 1 लाख 11 हजार 30 लोगों को टीका
लगा है। जबलपुर,, सागर और रीवा ने भोपाल को भी पीछे छोड़ दिया है। भोपाल में 65 हजार को टीका
लगा है, जबकि देवास में 69 हजार 316, सागर में 62 हजार 59, रीवा में 63 हजार 990, जबलपुर में
62 हजार 175 और रतलाम में 58 हजार 408 लोगों को वैक्सीन लगी है। पहले दिन प्रदेश में 20 लाख
लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया था। जो कि पूरा हो गया है।

### वैक्सीनेशन कराएं और दूसरों को भी प्रेरित करें

श्री चौहान ने कहा कि वैक्सीन सुरक्षा का कवच है। उनका सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों से अपील है कि सभी लोग मिलकर वैक्सीन कराने लोगों को प्रेरित करें और स्वयं भी कराएं। कोविड की तीसरी लहर रोकने के लिए यह सबसे कारगर उपाय है।

### सब मिलकर टीकाकरण अभियान सफल बनाएं

हम संकल्प लेते है कि कोरोना महामारी से बचाव का एक मात्र-अस्त्र टीकाकरण है। हम स्वयं इसे लगवाएंगे, आप भी सभी को समझाएंगे कि कोविड-19 बीमारी जानलेवा है। इससे होने वाली मौत और खतरों की रोकथाम सिर्फ कोविड-19 टीके से ही संभव है। उन्होंने कहा कि यह टीका सुरक्षित, असरकारी एवं हानि रहित है। आएं, हम सभी मिलकर कोविड-19 टीकाकरण अभियान को सफल बनाएं।

### दोनों डोज लगवाना जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग धीरे-धीरे निश्चित से हो गए थे। कुछ लोग वैक्सीन का पहला डोज लगवाने के बाद दूसरा डोज लगवाना भूल गए थे। कोविड 19 अभी गया नहीं है, यह अभी नियंत्रण में है, इसलिए दोनों डोज लगवाना जरूरी है। दुनिया के कई देशों मे अभी कोविड 19 के लाखों केस आ रहे है। दुनिया के बड़े-बड़े वैज्ञानिको ने माना है कि वैक्सीन के दोनों डोज लगवाने से हमें एक सुरक्षा चक्र मिल जाएगा। संक्रमण हुआ भी तो वो जानलेवा नही होगा।

### शाम 7 बजे तक करीब 21 लाख 34 हजार को टीका

मध्यप्रदेश में टीकाकरण महाअभियान-2 के पहले दिन बुधवार शाम 6 बजे तक करीब 21 लाख 34 हजार लोगों का टीकाकरण हो चुका है। वैक्सीन के लिए बनाए गए टीकाकरण केंद्रो पर लोगों का आना निरंतर देर शाम तक जारी रहा। टीकाकरण केंद्रो पर बुधवार को वैक्सीन की पहली और दूसरी डोज लगाई गई। केंद्र पर आने के लिए आमजन को प्रोत्साहित कर उनका स्वागत भी किया गया।

राजएक्सप्रेस 26

राजएक्सप्रेस
26-8-2021

(5)

20 दिन में बनेगा 220 मीटर सड़क

# सिटी फोरलेन : दो बत्ती से लेकर डाट की पुलिया तक मार्ग बंद

## ये पार्किंग नहीं : दो बत्ती चौराहा है, जहां वाहन इस तरह खड़े है



फोरलेन निर्माण के दौरान रास्ते को बंद किया तो आरपीएफ ने भी डीआरएम कार्यालय में अधिकारियों के वाहन निकलने में समस्या नहीं हो इसलिए दो पहिंया वाहन आने पर रोक लगा दी। इसके बाद कर्मचारियों ने अपने वाहनों को सड़क पर ही खड़ा कर दिया। इसके बाद और यातायात बिगड़ गया।

पत्रिका सिटी इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 26/8/2021





रतलाम. शहर में मित्रनिवास तिराहे से डाट की पुलिया तक बनने वाले सिटी फोरलेन की दिशा में नगर निगम ने आगे कदम बढ़ाए है। बुधवार को दो बत्ती से लेकर डाट की पुलिया तक बनने वाले 220 मीटर की सड़क निर्माण कार्य 20 दिन से पूरा होगी। इसकी चौड़ाई 12 मीटर व ऊंचाई 1 फीट रहेगी। यहां काम तेजी से इसलिए हो जाएगा, क्योंकि किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं है। यहां दो बत्ती से डाट की पुलिया के मार्ग को अचानक बंद किए जाने से आमजन को सुबह थोड़ी परेशानी हुई व यातायात को पुलिस को संभालने आना पड़ा।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने औद्योगिक क्रांति के लिए शहर में सिटी फोरलने की अवधारणा को तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया हुआ है। इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा शहर में विभिन्न सड़क पर सिटी फोरेलेन का निर्माण किया जा रहा है। इसकी सबसे पहले शुरुआत सालाखेड़ी से लेकर दिलबाहर तिराहे तक, मित्र निवास रोड से कोर्ट तक हुई है। अब इसी के अंतर्गत मित्र निवास रोड से लेकर दो बत्ती होते हुए डाट की पुलिया तक सिटी फोरलेन बन रहा है। करीब 3 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले इस फोरेलेन में जहां दो बत्ती से मित्र निवास तक का कार्य पूरा होने की तैयारी है वही दूसरी तरफ अब बुधवार से दो बत्ती से लेकर डाट की पुलिया तक के काम की शुरुआत हुई है। इसके अंतर्गत सबसे पहले इस मार्ग को बंद किया गया है।

### सुबह जाम की स्थिति

सुबह अधिकतर लोग को इस बारे में जानकारी नहीं थी। कई रेल कर्मचारी मंडल कार्यालय में काम के लिए आए तब पता चला की मार्ग बंद हो गया है। इतना ही नहीं, बाजार क्षेत्र में जाने वालों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। दो बत्ती पर यातायात को संभालने पुलिस बल भी लगाया गया।

### तेजी से करवा रहे निर्माण कार्य

सिटी फोरलेन का निर्माण कार्य को तेजी से करवाया जा रहा है। कार्य की गुणवत्ता के लिए समय समय पर कलेक्टर सहित हमारे द्वारा निरीक्षण किया जाता है।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका
26/8/2021

(11)

# जानलेवा हमले के आरोपित का अवैध निर्माण तोड़ा

## युवा कांग्रेस नेता संजय चौधरी की त्रिपोलिया गेट स्थित चार दुकानों और एक आफिस को दो घंटे में किया ध्वस्त

26-8-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। पूर्व रतलाम केसरी जगदीश राठौड़ के पुत्र शंकर राठौड़ पर जानलेवा हमला करने के आरोपित युवा कांग्रेस नेता संजय चौधरी के त्रिपोलिया गेट रोड स्थित अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। करीब दो घंटे चली कार्रवाई के दौरान निगर निगम के अमले ने चौधरी के कार्यालय व चार दुकानों को जेसीबी की सहायता से तोड़ दिया। इस दौरान क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कार्रवाई देखने लोगों की भीड़ लगी रही।



त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में युवा कांग्रेस नेता व हिस्ट्रीशीटर संजय चौधरी के अवैध निर्माण तोड़ता नगर निगम का अमला। • नईदुनिया

उल्लेखनीय है कि 22 अगस्त की रात शंकर राठौड़ अपने साथियों के साथ त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में एक दुकान के बाहर बैठे हुए थे। तभी आरोपित युवा नेता संजय चौधरी व उनके साथियों ने वहां पहुंचकर शंकर के दोस्त गोपाल पंवार से मारपीट शुरू कर दी थी। शंकर राठौड़ बीचबचाव करने गया तो उस पर लोहे की राड से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इंदौर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले को लेकर बुधवार सुबह करीब दस बजे एसडीएम अभिषेक गेहलोत, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व सीएसपी हेमंत चौहान के नेतृत्व में नगर निगम, राजस्व विभाग व पुलिस का दल त्रिपोलिया गेट चौधरी के कार्यालय के पर पहुंचा। सुबह करीब 11 बजे कार्यालय व वहां बनी चार दुकानों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। इस दौरान माणकचौक थाना प्रभारी दिलीप राजोरिया, एसआइ केएल सोनार्थी व अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में पुलिस जवान तैनात थे।

### एक गिरफ्तार, अन्य की तलाश

पुलिस ने शंकर राठौर पर हमला करने के मामले में आरोपित संजय चौधरी निवासी कल्याण नगर, गौरव शर्मा निवासी हिम्मतनगर, अज्जू निवासी सुभाषनगर, पवन निवासी करमदी नाका, दीना राठौड़ निवासी कल्याण नगर, योगेश निवासी हिम्मत नगर व उनके साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। आरोपित 23 वर्षीय योगेश पुत्र रवींद्र निवासी हिम्मत नगर को गिरफ्तार कर लिया गकया है। उसे न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संजय व अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।


### संजय पर 15 प्रकरण दर्ज

पुलिस के अनुसार संजय चौधरी पर शहर के विभिन्न थानों में 15 आपराधिक मामले दर्ज है। चौधरी व उसके अन्य आरोपित साथियों की अवैध संपति की जानकारी प्रशासन जुटा रहा है। इसके लिए नगर निगम व ग्राम पंचायत कुआंझागर को पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई है। इसके बाद सभी संपत्तियों पर अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई हो सकती है। एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि संजय चौधरी माणकचौक थाने का लिस्टेड गुंडा है। त्रिपोलिया गेट पर करीब 1600 वर्गफीट क्षेत्र में संजय ने बगैर अनुमति निर्माण कर रखा था। नगर निगम से इस संबंध में नोटिस भी जारी किए गए थे। इसके बाद कार्रवाई की गई।

नईदुनिया 26-8-2021

# युवक कांग्रेस के पूर्व नेता संजय चौधरी के अवैध अतिक्रमण पर चली जेसीबी, हत्या के प्रयास के मामले में फरार है चौधरी

**रतलाम। युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय चौधरी द्वारा अतिक्रमण कर बनाए गए आफिस को आज प्रशासन की एक संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से ढहा दिया। संजय चौधरी पर रक्षाबन्धन के दिन एक व्यक्ति पर जानलेवा हमले का आरोप है। उक्त घटना के बाद से वह फरार है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही उसी घटना के परिप्रेक्ष्य में की गई है।**



उल्लेखनीय है कि संजय चौधरी ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर रक्षाबन्धन के दिन शंकर राठौड और गोपाल पंवार पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में माणकचौक पुलिस ने संजय चौधरी और उसके साथियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। घटना के बाद से ही चौधरी फरार है। बताया जाता है कि उसके विरुद्ध करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है। प्रशासन ने उसके विरुद्ध रासुका की कार्यवाही भी प्रस्तावित की है। पुलिस रेकार्ड में गुण्डे के रुप में दर्ज संजय चौधरी ने त्रिपोलिया गेट के पास शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अपना आफिस बना रखा था। यह अतिक्रमण कई वर्षों से चला आ रहा था, लेकिन हत्या के प्रयास की वारदात करने के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए आज उसके आफिस को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। नगर निगम के जेसीबी दस्ते ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत की मौजूदगी में संजय चौधरी का अतिक्रमण ध्वस्त किया। इस मौके पर निगम के अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को देखने के लिए घटनास्थल पर बडी संख्या में लोगों की भीड एकत्रित हो गई थी। घटनास्थल पर मौजूद मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि संजय चौधरी पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है और वह सूचिबद्ध गुण्डा है। उसके द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर आफिस बनाया गया था। श्री गेहलोत ने बताया कि संजय चौधरी के खिलाफ रासुका की कार्यवाही भी की जा रही है।

इन्दौर समाचार
26-8-2021

(20)

– वैक्सीनेशन सेंटरों पर जाएंगे, टीका लगवाने वाले लोगों का करेंगे उत्साहवर्धन

# सीएम शिवराज सिंह चौहान आज आएंगे रतलाम

रतलाम। मध्यप्रदेश में जारी वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत रतलाम के वैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण करने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कल रतलाम आएंगे है। मुख्यमंत्री रतलाम के रेलवे अधिकारी सभागृह, लायंस हॉल, विधायक सभागृह तथा रतलाम ग्रामीण के धामनोद के वैक्सीनेशन सेंटरों पर जा सकते है। जहां वे वैक्सीन लगवाने वाले हितग्राहियों से मुलाकात कर लोगों का उत्साहवर्धन करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन और पुलिस तैयारियों में जुट गए हैं। हालांकि मुख्यमंत्री का अधिकृत कार्यक्रम अभी आना शेष है।



दरअसल मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन महा अभियान पार्ट 2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए कल रतलाम आ रहे हैं। मुख्यमंत्री कल रतलाम पहुंच कर रेलवे अधिकारी सभागृह, लायंस हॉल, विधायक सभागृह तथा रतलाम ग्रामीण के धामनोद के वैक्सीनेशन सेंटरों पर जा सकते है। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को देखते हुए पुलिस और प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। मुख्यमंत्री के दौरे के संभावित वैक्सीनेशन केंद्रों पर बेरीकेटिंग और सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। हालांकि मुख्यमंत्री का अधिकृत कार्यक्रम अभी आना शेष है। लेकिन स्थानीय प्रशासन संभावित दौरे की तैयारियों में जुड़ हुआ है।

**धामनोद में मुख्यमंत्री का संभावित दौरा**

निरस्त–धामनोद। वैक्सीन महा अभियान 2 के अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 26 अगस्त को रतलाम में वैक्सीन महाअभियान 2 कार्यक्रम का जायजा लेने रतलाम में आयेगें- वही धामनोद में भी मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर स्थानिय बस स्टैंड कन्या शाला स्कुल भवन वेक्सिनेशन सेंटर्स पर आने को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम व एसपी गौरव तिवारी ने प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ धामनोद में वेक्सिनेशन सेंटरों का दौरा कर संबधित अधिकारी- कुर्मचारीयों को दिशा निर्देश दिये गये थे।

इन्दौर समाचार
26-8-21

(23)

ले दिनों ही अपने ही पार्टी के नेता पुत्र पर किया था साथियों के साथ प्राणघातक हमला

# पूर्व अध्यक्ष के अवैध अतिक्रमण पर चली प्रशासन की जेसीबी



एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है चौधरी पर

कांग्रेस नेता से गुंडा बने संजय चौधरी पर माणकचौक पुलिस थाने में करीब आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है। ताजा मामला रक्षाबंधन के दिन संजय चौधरी ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर अपनी ही पार्टी के नेता जगदीश चौधरी के पुत्र पूर्व सरपंच शंकर राठौड और गोपाल पंवार पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में माणकचौक पुलिस ने संजय चौधरी और उसके साथियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। घटना के बाद से ही चौधरी फरार है। बताया जाता है कि उसके विरुद्ध करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रशासन ने उसके विरुद्ध रासुका की कार्रवाई भी प्रस्तावित की है।

## विरोध करने पहुंचे थे कुछ लोग, किसी की नहीं चली

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान कुछ लोग दस्तावेज लेकर विरोध करने भी पहुंचे थे। इनका कहना था कि दुकान और जगह किसकी है यह तो देखें और फिर अतिक्रमण हटाया जाए। निगम अमले ने दो टूक शब्दों में कह दिया कि एसडीएम से चर्चा की जाए। एसडीएम के आने के पहले दस्तावेज भी दिखाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने दस्तावेज लेकर उन्हें चलता कर दिया। उन्हें बता दिया गया कि जो भी वैधानिक होगा उसी अनुसार कार्रवाई हो रही है। एसडीएम के आने के बाद भी कुछ लोगों ने इस तरह का प्रयास किया किंतु विरोध काम नहीं आया।





संजय चौधरी पर विभिन्न थानों में एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है। वह पुलिस के रिकार्ड में सूचीबद्ध गुंडा है। उसके द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर कार्यालय बनाया गया था। गुंडे चौधरी के खिलाफ रासुका की कार्रवाई भी की जा रही है। - **अभिषेक गेहलोत**, एसडीएम, शहर

## गुंडा तत्व के रूप में दर्ज हो गया रिकार्ड में

पुलिस सूत्रों के अनुसार कांग्रेस नेता चौधरी पुलिस रेकार्ड में गुंडे के रूप में दर्ज हो गया है। चौधरी ने त्रिपोलिया गेट के पास शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अपना कार्यालय बना रखा था। यह अतिक्रमण कई वर्षों से चला आ रहा है, लेकिन उसके द्वारा लगातार वारदातें करने और हाल ही में हत्या के प्रयास की वारदात करने के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए बुधवार को उसके कार्यालय के साथ ही उसके आगे लगी दुकानों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। नगर निगम के जेसीबी दस्ते ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत की मौजूदगी में यह अतिक्रमण नेस्तानाबूद कर दिया। इस मौके पर निगम के अधिकारी और बडी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

पत्रिका
26-8-2021

# कांग्रेस के पूर्व नेता संजय चौधरी के अवैध अतिक्रमण पर चली जेसीबी


## हत्या के प्रयास के मामले में फरार है चौधरी

प्रसारण न्यूज • रतलाम

26-8-2021

युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संजय चौधरी द्वारा अतिक्रमण कर बनाए गए ऑफिस को आज प्रशासन की एक संयुक्त टीम ने जेसीबी की मदद से ढहा दिया। संजय चौधरी पर रक्षाबन्धन के दिन एक व्यक्ति पर जानलेवा हमले का आरोप है। उक्त घटना के बाद से वह फरार है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही उसी घटना के परिप्रेक्ष्य में की गई है।

उल्लेखनीय है कि संजय चौधरी ने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर रक्षाबन्धन के दिन शंकर राठौड़ और गोपाल पंवार पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में माणक चौक पुलिस ने संजय चौधरी और उसके साथियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। घटना के बाद से ही चौधरी फरार है। बताया जाता है कि उसके विरुद्ध करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। प्रशासन ने उसके विरुद्ध रासुका की कार्यवाही भी प्रस्तावित की है।



पुलिस रेकार्ड में गुण्डे के रुप में दर्ज संजय चौधरी ने त्रिपोलिया गेट के पास शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अपना आफिस बना रखा था। यह अतिक्रमण कई वर्षों से चला आ रहा था, लेकिन हत्या के प्रयास की वारदात करने के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए आज उसके आफिस को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। नगर निगम के जेसीबी दस्ते ने एस डी एम अभिषेक गेहलोत की मौजूदगी में संजय चौधरी का अतिक्रमण ध्वस्त किया। इस मौके पर निगम के अधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात था। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को देखने के लिए घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई थी।

घटनास्थल पर मौजूद मीडियाकर्मियों से चर्चा करते हुए एस डी एम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि संजय चौधरी पर एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं और वह सूचिबद्ध गुण्डा है। उसके द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर आफिस बनाया गया था। श्री गेहलोत ने बताया कि संजय चौधरी के खिलाफ रासुका की कार्यवाही भी की जा रही है।

प्रसारण 26-8-2021

# युकां नेता के अतिक्रमण पर चला प्रशासन का पंजा

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 26-8-21

युवक कांग्रेस के नेता संजय चौधरी के त्रिपोलिया गेट स्थित कार्यालय को पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने जेसीबी चलाकर तोड़ दिया। संजय चौधरी के खिलाफ रक्षा बन्धन की शाम को एक व्यक्ति पर जानलेवा हमले का आरोप है। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही उसी घटना के परिप्रेक्ष्य में की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार संजय चौधरी पर आरोप है कि उसने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर रक्षाबन्धन के दिन जानलेवा हमला किया था। इस मामले में माणकचौक पुलिस ने संजय चौधरी और उसके साथियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया था। घटना के बाद से ही चौधरी गायब है। बताया जा रहा है कि संजय चौधरी ने त्रिपोलिया गेट के पास शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अपना आफिस बना रखा था। हत्या के प्रयास की वारदात करने के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए आज उसके आफिस को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। नगर निगम के जेसीबी दस्ते ने एसडीएम अभिषेक गेहलोत की मौजूदगी में अतिक्रमण ध्वस्त किया। इस मौके पर निगम के अधिकारी और बडी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

राजन्यूज

26-8-2021

(11)

**कोरोना का योजनाओं पर इफेक्ट** • स्वरोजगार योजना में भी युवाओं को कोरोना काल में नहीं मिल रहा लोन

# लोन के बाद अब स्वरोजगार का प्रशिक्षण भी बंद हुआ

## युवाओं के व्यवसाय का सहारा बंद हुआ, अफसर बोले-आगे से ही टारगेट नहीं मिल रहा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-8-2021

कोरोना का असर भले ही कम हो गया है लेकिन साइड इफेक्ट अभी भी बरकरार है। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उद्योग विभाग विभिन्न योजनाओं में लोन देता है लेकिन कोरोना के बाद से ही विभाग की विभिन्न स्वरोजगार योजनाएं बंद हैं। राज्य शासन से टारगेट नहीं मिलने से युवाओं को इन योजनाओं में लोन नहीं मिल पा रहा है। वहीं अब स्वरोजगार योजना में दी जाने वाली ट्रेनिंग भी बंद हो गई है। इससे युवा अब व्यवसाय से भी नहीं जुड़ पा रहे हैं।

युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उद्योग विभाग द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी, स्वरोजगार योजना, कृषि उद्यमी के तहत हर साल 500 से अधिक युवाओं को लोन जारी किया जाता है, लेकिन मार्च 2020 के बाद से इन योजनाओं में लोन मिलना बंद हो गया है। यह दूसरा साल है जब इन योजनाओं में लोन युवाओं को नहीं मिल पाया है। युवा जब भी विभाग में लोन की जानकारी लेने जा रहे हैं तो उन्हें एक ही जवाब मिल रहा है आगे से ही टारगेट नहीं मिला है। टारगेट आएगा तो लोन मिलेगा। वहीं बिरियाखेड़ी में ग्रामीण स्वरोजगार केंद्र है। यहां युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में ट्रेनिंग दी जाती है। इसके बाद इन युवाओं को बैंकों से लोन भी मुहैया कराने में भी मदद की जाती है। लेकिन यहां ट्रेनिंग भी अब बंद हो गई है। यहां ट्रेनिंग के दौरान ट्रेनिंग के साथ ही खाना पीना भी फ्री रहता है।

### विभिन्न योजनाओं के तहत मिलता है एक करोड़ रुपए तक का लोन

स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं में 50 हजार रुपए से एक करोड़ रुपए तक लोन दिया जाता है। सीएम युवा उद्यमी योजना में 10 लाख से एक करोड़ रुपए का लोन दिया जाता है। वहीं सीएम स्वरोजगार योजना में 50 हजार से 10 लाख रुपए का लोन दिया जाता है।

### वर्तमान में सिर्फ पीएमजीपी योजना में ही लोन दे रहे हैं

उद्योग विभाग के जीएम मुकेश शर्मा ने बताया फिलहाल पीएमजीपी योजना में लोन दिया जा रहा है। अन्य योजनाओं के टारगेट नहीं मिले हैं। वहीं सब्सिडी विभाग द्वारा जारी नहीं की जाती है। यह सीधे बैंक को भोपाल से जारी की जाती है।

### 2019-20 में विभिन्न योजनाओं में मिला लोन

| | |
|---|---|
| मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना | 320 |
| मुख्यमंत्री कृषि उद्यमी | 196 |
| युवा उद्यमी | 26 |

(नोट- जानकारी उद्योग विभाग के मुताबिक है)

### इधर सब्सिडी की राशि भी नहीं मिल रही

हम पिछले साल जिन्हें लोन मिला उनकी सब्सिडी की बात करें तो जिन युवाओं ने स्वरोजगार के लिए 2019-20 में लोन लिया था। अब तक सब्सिडी की राशि भी नहीं पहुंच पा रही है। युवा सब्सिडी के लिए उद्योग विभाग पहुंच रहे हैं तो उन्हें बैंक में जाकर तलाश करने की बात की जा रही है। बैंक से भी कहा जा रहा है कि सब्सिडी [illegible]एगी तो बता देंगे।

26-8-2021

(1)

**वैक्सीनेशन महाअभियान**

# आज मुख्यमंत्री शहर में, 1 घंटा 40 मिनट तक रुकेंगे, टीकाकरण केंद्रों का भी लेंगे जायजा

## पहले दिन बीएलओ घर-घर से लोगों को लाए, नतीजा... शहर में 215% को लगा पहला डोज

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वैक्सीनेशन महाअभियान के दूसरे दिन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान



रतलाम आएंगे, वे वैक्सीनेशन सेंटरों का जायजा लेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 1.20 बजे बंजली हवाई पट्टी पर उतरेंगे। वे शहर में 1 घंटा 40 मिनट रहेंगे। इस दौरान वैक्सीनेशन सेंटरों पर भी जाएंगे। मुख्यमंत्री धामनोद केंद्र, विधायक सभागृह, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल और लायंस हॉल के सेंटर पर जाएंगे। इस दौरान अमृत गार्डन पर प्रवीण सोनी सीएम का स्वागत करेंगे।

### कलेक्टर-एसपी ने विभिन्न केंद्रों का लिया जायजा

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के नगर आगमन से पहले बुधवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम और एसपी गौरव तिवारी ने शहर के वैक्सीनेशन सेंटर्स की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर-एसपी बरबड़ स्थित विधायक सभागृह, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल एवं लायंस हॉल सेंटर्स पर पहुंचे। कलेक्टर ने निगम आयुक्त और एसडीएम को वैक्सीनेशन सेंटर्स के आसपास व्यवस्था करने का कहा। वैक्सीनेशन सेंटर पर सभी लोगों के बैठने का इंतजाम करने का कहा।

### महाअभियान का पहला दिन सफल, शहर के साथ अंचल के केंद्रों पर दिनभर रही भीड़

इधर, बुधवार को वैक्सीनेशन महाअभियान की शुरुआत हुई। पहला दिन सफल रहा। सभी केंद्रों पर 100 प्रतिशत से ज्यादा टीकाकरण हुआ। रतलाम शहर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की स्कीम रंग लाई। दरअसल, शहर में पहला टीका लगवाने के लिए लोग नहीं आ रहे थे। ऐसे में मतदान केंद्रवार टीकाकरण की व्यवस्था के साथ ही बीएलओ को घर-घर से मतदाता को टीका लगवाने के लिए लाने की जिम्मेदारी दी। नतीजा यह रहा कि शाम तक शहर में लक्ष्य के मुकाबले 215% लोगों को वैक्सीन का पहला डोज लग गया।

**अलकापुरी में शाम 4 बजे, लायंस हॉल में 3 बजे खत्म हो गई वैक्सीन :** इधर, शहर के सभी केंद्रों पर वैक्सीनेशन को लेकर अच्छा उत्साह रहा। अलकापुरी, काश्यप सभागृह, लायंस हॉल, रेडक्रॉस में अच्छी भीड़ रही। अलकापुरी में शाम 4 बजे, वहीं लायंस हॉल में दोपहर 3 बजे वैक्सीन खत्म हो गई। इधर, रोड बंद होने के बावजूद डीआरएम ऑफिस के कार्यालय में भीड़ जुटी।

द. भास्कर 26-8-2021

# मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आज आएंगे, वैक्सीन सेंटर का करेंगे निरीक्षण

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

26-8-21

वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत रतलाम के वैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण करने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रतलाम आएंगे। मुख्यमंत्री चौहान रतलाम के रेलवे अधिकारी सभागृह, लायंस हॉल, विधायक सभागृह तथा धामनोद के वैक्सीनेशन सेंटरों पर जा सकते है। मुख्यमंत्री दोपहर 1. 20 बजे बंजली हवाई पट्टी पर राजकीय विमान से उतरेंगे। विभिन्न स्थानीय कार्यक्रम में शिरकत करते हुए वे करीब 1. 40 बजे शहर में रुकने के बाद 3 बजे विमान से इंदौर के लिए रवान होंगे। शहर में सीएम वैक्सीन लगवाने वाले हितग्राहियों से मुलाकात कर लोगों का उत्साहवर्धन करेंगे। मध्यप्रदेश में वैक्सीनेशन महा अभियान पार्ट 2 के अंतर्गत मुख्यमंत्री शिवराज सिंह



वैक्सीनेशन के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए रतलाम आ रहे हैं। मुख्यमंत्री गुरुवार को रतलाम पहुंच कर रेलवे अधिकारी सभागृह, लायंस हॉल, विधायक सभागृह तथा रतलाम ग्रामीण के धामनोद के वैक्सीनेशन सेंटरों पर जा सकते हैं। मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए बुधवार को पुलिस और जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा रहा। मुख्यमंत्री के दौरे के संभावित वैक्सीनेशन केंद्रों पर बैरीकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

दबंग दुनिया

26-8-2021

(५)

## निर्माण के चलते डाट की पुल रोड बंद करने का असर, लगा रहता है जाम

# पार्किंग स्थल में बदला दो बत्ती चौराहा

26-8-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। दो बत्ती चौराहे से डाट की पुल तक टूलेन निर्माण का काम बुधवार सुबह से शुरू हो गया। इसके साथ ही इस रोड पर आवाजाही भी बंद कर दी गई। पहले से सूचना नहीं होने के चलते रेलवे कालोनी, औद्योगिक क्षेत्र, लक्ष्मणपुरा सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को राममंदिर से सैलाना रोड ओवरब्रिज होकर आवागमन करना पड़ा। चालीस फीट चौड़ाई वाले इस मार्ग के निर्माण में करीब एक माह का समय लगेगा, तब तक आवागमन को लेकर परेशानी बनी रहेगी।

सुबह करीब सात बजे ही दो बत्ती चौराहे पर बेरीकेडिंग कर आवाजाही बंद करा दी गई थी जबकि डाट की पुल छोर पर खोदाई करके मार्ग बंद कर दिया गया। आमजन को सूचना नहीं होने पर लोग डाट की पुल तक आकर वापस मार्ग बदलकर दो बत्ती पहुंचे। यही हाल दो बत्ती से जाने वालों का भी रहा। दोपहर में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी के साथ निरीक्षण कर ठेकेदार को खोदाई के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त न हो, इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।

**यातायात संकेतक नए सिरे से लगेंगे**

टू-लेन व फोरलेन का काम पूरा होने के बाद दो बत्ती चौराहे पर यातायात संकेतक नए सिरे से लगाए जाएंगे। इसके पहले सड़क पर डिवाइडर वाले स्थान चिह्नित कर वर्तमान में लगे संकेतकों को हटाया जाएगा। सैलाना रोड चौराहे पर भी नए संकेतक लगाए जाएंगे।

**चौराहे पर वाहन, अंडरब्रिज में भी जाम**

डाट की पुल रोड बंद होने से आसपास के लोगों, व्यापारियों ने दो बत्ती चौराहे से फ्रीगंज जाने वाले निर्माणाधीन मार्ग पर ही अपने वाहन खड़े कर दिए। सड़क के एक ही हिस्से वाहनों की आवाजाही होने से दिनभर जाम लगता रहा। इसी तरह वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण जावरा रोड अंडरब्रिज पर भी जाम के हालात बने रहे। यहां प्रकाश व्यवस्था कम होने से हादसे की आशंका भी बनी हुई है। समाजसेवी शेरू पठान ने यहां ट्रैफिक पुलिस की तैनाती के साथ ही प्रकाश व्यवस्था करने की मांग कलेक्टर व एसपी से की है।



डाट की पुल मार्ग बंद होने के बाद दो बत्ती चौराहे पर वाहनों की पार्किंग से जाम लगता रहा। ● नईदुनिया

### रेलकर्मी परेशान, आरपीएफ जवान से होती रही बहस

मार्ग बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी डीआरएम कार्यालय के कर्मचारियों व रेलकर्मियों को हुई। सुबह कार्यालय पहुंचे कर्मचारियों को वाहन पार्किंग के लिए जगह तलाशना पड़ी। कुछ कर्मचारी पावर हाउस वाले छोर पर बने डीआरएम आफिस के गेट से वाहन अंदर लेकर गए तो पार्किंग को लेकर आरपीएफ अमले से भी उनकी बहस हो गई। वेरमस के मीडिया प्रभारी गौरव दुबे ने बताया कि आरपीएफ जवान जेपी यादव ने अभद्रता की। बाहरी व्यक्तियों ने यहां वाहन खडे कर दिए, जिससे कर्मचारी परेशान होते रहे। आफिसर्स क्लब को टीकाकरण केंद्र भी बनाया गया है। ऐसे में आवाजाही बंद करने से पहले वैकल्पिक इंतजाम करना थे।

**मिले समाधान**

- करीब एक महीने तक बनी रहेगी परेशानी
- जावरा रोड अंडरब्रिज पर भी बनते हैं जाम के हालात

नईदुनिया
26-8-2021

(24)

**सीएम के दौरे से पहले कलेक्टर-एसपी ने किया वैक्सीनेशन सेंटर्स का निरीक्षण**

# वैक्सीनेशन के महाअभियान में शामिल होने मुख्यमंत्री आज आएंगे, लक्ष्य पर होगा मंथन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com 26.8.21

रतलाम. वैक्सीनेशन के महा अभियान में शामिल होने के लिए गुरुवार को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान रतलाम आ रहे हैं। उनके द्वारा गांव से लेकर शहर के करीब चार सेंटर्स का निरीक्षण किया जाएगा। सीएम का अचानक से दौरा तय होते ही पूरा पुलिस-प्रशासन का अमला एक्शन मोड में आ गया। दरअसल कोरोना संक्रमण के दौर में प्रदेश के सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में रतलाम शामिल था। वहीं अब वैक्सीनेशन में भी रतलाम की स्थिति काफी बेहतर नजर आने लगी है।

मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने रतलाम शहर के वैक्सीनेशन सेंटर्स का दौरा कर वहां की व्यवस्था देखी। मुख्यमंत्री रतलाम दौरे के दौरान मुख्य रूम से वैक्सीनेशन सेंटर का अवलोकन करेंगे। इसके चलते कलेक्टर-एसपी ने बरबड़ स्थित विधायक सभागृह, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल एवं लायंस हॉल, राजस्व कालोनी के वैक्सीनेशन सेंटर्स की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पुलिस प्रशासन के अन्य अधिकारी भी यहां पर मौजूद रहे।



वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण करते कलेक्टर, एसपी और अन्य।





काश्यप सभागृह पर वैक्सीनेशन सेंटर को दुरुस्त करते कारीगर।

## व्यवस्था चाक चौबंद

कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन सेंटर्स के आसपास समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इन स्थानों पर वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित होने वाले लोगों को व्यवस्थित रूप से वैक्सीनेशन के लिए पहुंचने का मार्ग निर्धारित किया जाए। साथ ही वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित सभी व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था भी पर्याप्त रहे। वहीं एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षी सिंह, एडीएम जमुना भिड़े, एडिशनल एसपी सुनील पाटीदार, डॉ. इन्द्रजीत बाकलवार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## दो घंटे रहेंगे रतलाम

मुख्यमंत्री 1.20 बजे भोपाल से रतलाम पहुंचेंगे। यहां बंजली हवाई पट्टी पर उतरने के बाद करीब 1 घंटे 40 मिनट वह रतलाम में रहेंगे। यहां से दोपहर 3 बजे इंदौर के लिए रवाना होंगे। सीएम के दौरे के पूर्व पुलिस ने सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण जरूरी है। शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने की प्रेरणा देने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 26 अगस्त को रतलाम में आ रहे हैं। मुख्यमंत्री चौहान रतलाम आकर शेष रहे लोगों को समय पर टीकाकरण के लिए प्रेरित करेंगे। वे 26 अगस्त को दोपहर 1.20 बजे वायुयान से रतलाम आएंगे। अलकापुरी कम्युनिटी हॉल एवं लायंस हॉल केन्द्रों का जायजा लेने पहुंचेंगे विधायक सभागृह में टीकाकरण अभियान में लगे स्वास्थ्यकर्मियों व अन्य सहयोगियों का सम्मान करेंगे।

## जिले में एक दिन में रेकॉर्ड 70 हजार टीके लगाए गए




कोविड-19 वैक्सीनेशन महा अभियान के तहत रतलाम जिले में बुधवार को वैक्सीनेश का रिकॉर्ड बनाया गया। अभियान के पहले दिन 25 अगस्त को जिले में रिकॉर्ड 70 हजार टीके लगाए गए। अभियान के तहत दो दिन में एक लाख टीके लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया था, जिसके तहत पहले दिन 62 हजार टीके लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन लक्ष्य से अधिक रिकॉर्ड स्तर पर टीकाकरण हुआ। वहीं दूसरी ओर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने विभिन्न टीकाकरण केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी साथ में थे। कलेक्टर ने बताया कि वैक्सीनेशन महा अभियान 2 के लिए राज्य शासन द्वारा जिले को अभियान के प्रथम दिवस 38 हजार टीके लगाने का लक्ष्य दिया गया था। जिला प्रशासन द्वारा लक्ष्य में वृद्धि का आग्रह किया था, तब राज्य शासन द्वारा 60 हजार का लक्ष्य दिया गया लेकिन रतलाम जिले में पहले ही दिन 70 हजार टीके लगाए गए जो अब तक का एक रिकॉर्ड है।



पत्रिका
26.8.2021

(21)

# मुख्यमंत्री के आगमन से पूर्व कलेक्टर- एसपी ने किया वैक्सीनेशन सेंटर्स का





**प्रसारण न्यूज • रतलाम**

26-8-2021

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आज 26 अगस्त को रतलाम आएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने रतलाम शहर के वैक्सीनेशन सेंटर्स का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री रतलाम भ्रमण के दौरान वैक्सीनेशन सेंटर का अवलोकन करेंगे।

कलेक्टर-एसपी ने बरबड़ स्थित विधायक सभागृह, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल एवं लायंस हॉल, राजस्व कालोनी के वैक्सीनेशन सेंटर्स की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, ए डी एम श्रीमती जमुना भिड़े, एडिशनल एस पी सुनील पाटीदार, डॉ. इन्द्रजीत बाकलवार सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, एस डी एम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन सेंटर्स के आसपास समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इन स्थानों पर वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित होने वाले लोगों को व्यवस्थित रूप से वैक्सीनेशन के लिए पहुंचने का मार्ग निर्धारित किया जाए।

साथ ही वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित सभी व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था भी पर्याप्त करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री
## चौहान आ

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराज
रतलाम आएंगे। निर्धारित कार्यक्र



शिवराज सिंह चौहान रतलाम आएं
सभागृह, लायंस हॉल, विधायक स
वैक्सीनेशन सेंटरों पर जा सकते हैं,
से मुलाकात कर लोगों का उत्साहव
लेकर प्रशासन और पुलिस तैयारिये

26-8-2021

(5)

# गिट्टी-मोरम नहीं सीमेंट आ गई

रतलाम, नप्र। शहर में ऐसी कोई सड़क नहीं होगी जो गड्ढेवाली और खराब न हो। बारिश के बाद तो शहर में सड़कों की हालात और ज्यादा खराब हो गई। नगरवासी इन सड़कों से लगातार जूझते रहे। खराब सड़कों की सूध भी जब ली तब कलेक्टर ने खुद सड़को की हालात देखकर उन्हें ठीक करने को कहा। तब भी मरम्मत के नाम पर गड्ढेवाली सड़कों पर गिट्टी और मुरहम बिछाकर केवल इतिश्री कर ली गई। जिसके चलते लोगों को सुविधा देने के बजाय और ज्यादा असुविधा होने लगी। गड्ढों में डाली गई मुरहम और गिट्टी सड़कों पर इस कदर इधर-उधर उड़ती रही कि पैदल चलने वाले राहगीर ज्यादा परेशान होते रहे। लोग सड़कों की ऐसी हालात से अभी जूझ ही रहे थे। कई सड़कें तो अभी भी ऐसी बची थी कि जहा कि सूध ही नहीं लगी थी लेकिन कल शहर की कुछ सड़कों पर रात तक गड्ढों को ठीक करने का काम होता देख लोगों को हैरानी होने लगी कि निगम पर ऐसा क्या असर हो गया कि रात में भी का..

बात में जब उन्हें पता चला कि अलकापुरी कम्युनिटी हॉल के टीका सेंटर पर मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान पहुंच सकते है। सीएम को किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो इसी के चलते यहा रात तक काम हो रहा है। हैरानी तो उस समय देखा कि जो नगर निगम गड्डे को भरन के लिए गिट्टी और मुरहम वगैरह डालता बिछाता रहा वह कल गड्ढों को समतल करने के लिए सीमेंट बिछा रहा था यानि सड़कों की मरम्म ऐसी की जा रही थी कि ताकि लगे नही कि यहां गड्ढा भी था.....

प्रभात किरण

26-8-2021

(13)

# कांग्रेस नेता संजय चौधरी का अवैध कब्जा जमींदोज

**रतलाम।** त्रिपोलिया गेट स्थित हिस्ट्रीशीटर कांग्रेस नेता संजय चौधरी का अवैध कब्जा और निर्माण बुधवार सुबह जमींदोज कर दिया गया। पुलिस व निगम की संयुक्त टीम त्रिपोलिया गेट स्थित संजय चौधरी के मार्केट पहुंची। जेसीबी चलाकर बनाए गए मार्केट को जमींदोज की कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिसबल तैनात था।

ज्ञात हो की रतलाम के त्रिपोलिया गेट पर रविवार रात को कांग्रेस नेता जगदीश राठौड़ के बेटे सरपंच शंकर पर कांग्रेस नेता संजय चौधरी और साथियों ने हमला कर दिया था। शंकर राठौड़ को गंभीर हालत में रतलाम से इंदौर रैफर कर दिया था। घटना के बाद से सभी आरोपी फरार चल रहे हैं। बुधवार सुबह अवैध मार्केट तोड़ने के दौरान दुकानदारों व उनके परिजनों ने विरोध भी किया, लेकिन किसी की भी नहीं चली।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमन्त चौहान भारी पुलिस बल व निगम की टीम के साथ त्रिपोलिया गेट पर ही मौजूद बने रहे। सुबह 10 बजे से कार्रवाई शुरू हुई जो कि दोपहर 1 बजे तक जारी रही। एसडीएम गेहलोत ने मीडिया को बताया कि संजय चौधरी माणक चौक पुलिस थाना क्षेत्र का लिस्टेड गुंडा है। थाने में 12 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। पूर्व में जिला बदर भी हो चुका है। जो मार्केट बनाया गया है वह बिना अनुमति के अवैध रूप से बनाया गया है जो कि करीब 1600 स्कायर फीट में बना था। आरोपी फरार है।

अग्निबाण 26-8-2021

**प्राणघातक हमले के बाद से फरार हैं आरोपी, रासुका कीं भी हो सकती है कार्रवाई**

# कांग्रेस नेता चौधरी का कार्यालय ध्वस्त, प्रशासन ने तोड़ा अतिक्रमण

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर में दो दिन पूर्व हुए हमले के मामले के बाद प्रशासन ने बुधवार को कांग्रेस नेता संजय चौधरी द्वारा अतिक्रमण किए गए भवन को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। त्रिपोलिया गेट स्थित इस जमीन के रिकार्ड के अनुसार यह जमीन शासकीय है, जिसपर संजय चौधरी ने भवन बनाकर कब्जा किया हुआ था। यहीं पर उसका कार्यालय चलता था। इस दौरान पुलिस बल भी वहां मौजूद रहा।

रक्षाबंधन की रात को त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में कांग्रेस नेता जगदीश राठौड़ के पुत्र शंकर राठौड़ पर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी युवक कांग्रेस नेता संजय चौधरी के त्रिपोलिया गेट स्थित ऑफिस व आसपास अतिक्रमण कर बनाई दुकानें बुधवार सुबह निगम अमले ने तोड़ दी। सुबह करीब 10 बजे ही प्रशासन, पुलिस व निगम का अमला मौके पर पहुंचा और जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी। करीब एक घंटे चली कार्रवाई में सभी निर्माण तोड़े गए। इस दौरान एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान व निगमायुक्त सोमनाथ झारिया व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कांग्रेस नेता संजय चौधरी पर घास बाजार में व्यापारी राकेश सकलेचा के घर में घुसकर मारपीट करने सहित अन्य मामलों में भी प्रकरण दर्ज है। आए दिन मारपीट व अन्य घटनाओं के चलते क्षेत्र में भी लोगों में भय का माहौल बन गया था। इसके चलते अब प्रशासन व पुलिस सख्ती के मूड में है। चौधरी की अन्य संपत्तियों को लेकर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा रही है।



## रविवार रात साथियों के साथ किया था हमला

रविवार रात करीब 9:30 बजे फरियादी गोपाल पंवार पुत्र श्रवण पंवार निवासी कल्याण नगर व उसके दोस्त दोस्त शंकर राठौड़, राहुल राठौड़, गोपाल पंवार, अशोक राठौड़, रितेश जैन त्रिपोलिया गेट क्षेत्र में गणेश नमकीन नामक दुकान के बाहर बैठे हुए थे। तभी आरोपित युवक कांग्रेस नेता संजय चौधरी निवासी कल्याण नगर, गौरव शर्मा निवासी हिम्मतनगर, अज्जू निवासी सुभाषनगर, पवन निवासी करमदी नाका, दीना राठौड़ निवासी कल्याण नगर, योगेश निवासी हिम्मत नगर व उनके साथियों ने वहां पहुंचकर गाली-गलौच कर विवाद किया था। गाली-गलौच करने से मना करने पर गोपाल से वे मारपीट कर रहे थे। गौरव ने धारदार हथियार से वार किया था, इससे गोपाल के हाथ पर चोट आई थी। शंकर राठौड़ बीच-बचाव करने गया तो संजय ने सिर पर लोहे की राड से वार कर दिया। इससे शंकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। अन्य साथियों के बीच-बचाव करने पर आरोपित भाग गए थे। शंकर को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद इंदौर रेफर किया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। आरोपितों के खिलाफ भादंवि की धारा 307, 294, 323, 324, 147, 148, 149, 506 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

दबंग दुनिया 26-8-2021

(17)

# कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत 27 को रतलाम आएंगे

26-8-21

रतलाम @ पत्रिका. कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत 27 अगस्त को जिले के भ्रमण पर आएंगे। गहलोत 27 अगस्त को सुबह 11.40 बजे आलोट के ताल रोड स्थित शंखेश्वर फ्यूल पर आएंगे। वे दोपहर 12 बजे आलोट सर्किट हाउस पहुंचेंगे।

दोपहर 12.35 बजे कृषि उपज मण्डी पहुंचेंगे, अनादिकल्पेश्वर महादेव शंकर सवारी समिति कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 1.40 बजे आलोट सिविल हास्पीटल पहुंचेंगे, आईसीयू वार्ड तथा डिजिटल लेबोरेटरी का शुभारम्भ करेंगे। वे दोपहर 3 बजे राजस्थान के झालावाड़ के श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ पहुंचकर दर्शन करेंगे। वे इसी दिन शाम 5 बजे नागदा पहुंचेंगे। गहलोत 28 अगस्त को प्रातः 11.30 बजे रतलाम जिले के बड़ावदा आकर गौशाला शेल्टर की आधारशिला रखेंगे। वे दोपहर 1 बजे बड़ावदा से रवाना होकर जावरा, ढोढर होते हुए होरी हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन करेंगे। दोपहर 3.30 बजे होरी हनुमान मंदिर से जावरा, ढोढर होते हुए नागदा प्रस्थान करेंगे।

पत्रिका 26-8-21

# प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया आज शहर में



रतलाम। प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री तथा रतलाम जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया 26 अगस्त को प्रातः 7 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे रतलाम आएंगे एवं स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 1.20 बजे से मुख्यमंत्रीजी के कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे।

प्रजातंत्र 26-8-21

# प्रभारी मंत्री भदौरिया आएंगे रतलाम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

26-8-21

रतलाम. प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री तथा रतलाम जिला प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया 26 अगस्त को प्रातः 7 बजे उज्जैन से प्रस्थान कर प्रातः 9.30 बजे रतलाम आएंगे। यहां पर स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 1.20 बजे से माननीय मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे।

पत्रिका 26-8-21

2 नईदुनिया
इंदौर, गुरुवार 26 अगस्त, 202

## न्यूज़ गैलरी

# कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत का दो दिवसीय दौरा कल से



थावरचंद गेहलोत

रतलाम। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत 27 अगस्त को रतलाम जिले के दौरे पर रहेंगे। वे 27 अगस्त को प्रातः 11:40 बजे आलोट के ताल रोड स्थित शंखेश्वर फ्यूल पर आएंगे और दोपहर 12:00 बजे आलोट सर्किट हाउस पहुंचेंगे। दोपहर 12:35 बजे आलोट कृषि उपज मंडी में अनादिकल्पेश्वर महादेव शंकर सवारी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 1:40 बजे आलोट के सिविल हास्पिटल में आइसीयू वार्ड, डिजिटल एक्स-रे तथा डिजिटल लैबोरेटरी का शुभारंभ करेंगे। दोपहर 3:00 बजे राजस्थान के झालावाड़ जिले के श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तीर्थ पहुंचकर दर्शन करेंगे और श्वेताम्बर पार्श्वनाथ तीर्थ पेढ़ी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे शाम पांच बजे नागदा पहुंचेंगे। 28 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे जिले के बड़ावदा आकर गोशाला शेल्टर की आधारशिला रखेंगे। दोपहर 1:00 बजे बड़ावदा से रवाना होकर जावरा, ढोढर होते हुए होरी हनुमान मंदिर पहुंचकर दर्शन कर दोपहर 3:30 बजे नागदा प्रस्थान करेंगे।

नईदुनिया 26-8-2021

(8)

2 गुरुवार 26 अगस्त से बुधवार 1 सितम्बर 2021 - साप्ताहिक उपग्रह रतलाम

# आवारा श्वानों के आतंक से कब मुक्त होगा रतलाम ?

**रतलाम।** शहर में एक बार फिर आवारों श्वानों की संख्या अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। गली-गली और मोहल्ला-मोहल्ला सब तरफ श्वानों के कारण आम लोगों के लिए सड़क पर निकलना चुनौतीप्रद होता जा रहा है। जिला अस्पताल में आए दिन नागरिक श्वानों के शिकार होकर इलाज के लिए पहुंच रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी श्वानों को पकड़ने की कोई पहल नहीं की जा रही है।

पिछले दिनों सिद्धि विनायक कॉलोनी में पलक जैन को दुपहिया वाहन से जाते समय जब सड़क किनारे बैठे श्वान ने लपककर गिरा दिया। इससे पहले सूरजपौर पर एक दोपहिया वाहन चालक के पीछे श्वानों के दौड़ने से हादसे की स्थिति बनी थी। इसी क्षेत्र में एक स्कूटी सवार महिला को भी श्वानों ने गिरा दिया था। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सूरजपौर सहित शहर की हर सड़कों पर श्वानों का जमावड़ा लग रहा है। रात में शहर की सड़कों से गुजरना खतरे से कम नहीं होता।

आवारा श्वानों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी जिस अमले की है, उसके नगर निगम कार्यालय भवन के पास पैलेस रोड और हाथीखाना क्षेत्र में ही दो दर्जन से ज्यादा श्वानों का झुंड घूमता रहता है। इन श्वानों के कारण रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। पुराने कलेक्टोरेट से पांजरा पोल और नगर निगम तक श्वानों का इतना आतंक है कि आम लोग इन क्षेत्रों में जाने से कतराने लगे हैं। आवारा श्वानों से आम जन ही नहीं पुलिसकर्मी भी परेशान हैं। रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था संभालने के दौरान पुलिसकर्मियों को काफी दिक्कत आ रही है। सूरजपौर पुलिस चौकी के सामने ही दर्जनों आवारा श्वानों का जमघट लग रहा है। रात्रि में शहर के अधिकांश क्षेत्रों में आवारा श्वानों की आवाज से आम नागरिकों विशेषकर बुजुर्गों को नींद लेने में भी परेशानी आ रही है। शहरवासी नगर निगम अमले से श्वानों के खिलाफ एक व्यवस्थित अभियान की अपेक्षा कर रहे हैं, क्योंकि यह एक स्थायी समस्या बन गई है। श्वानों की धरपकड़ के साथ ही उनका बंधियाकरण भी किया जाना चाहिए, ताकि उनकी संख्या में आए दिन अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी होना बंद हो जाए।

### न्यायाधीश लगा चुके हैं जनहित याचिका

आवारा श्वानों से हर वर्ग परेशान है। रतलाम में करीब एक दशक पहले आफीसर्स कालोनी में निवासरत न्यायाधीश ने श्वानों से परेशान होकर जिला न्यायालय में जनहित याचिका भी लगाई थी, जिसमें नगर निगम एवं प्रशासनिक अमले को आवारा, खूंखार और बीमार ग्रस्त हो रहे श्वानों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इन निर्देशों पर तत्कालीन निगम अमले ने कार्रवाई भी की थी, लेकिन बाद में श्वानों की संख्या फिर बढ़ गई। शहर में आवारा श्वानों और पशुओं का जहां तक सवाल है, तो भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के आयोजन के दौरान प्रशासन ने योजनाबद्ध तरीके से इन्हें शहर से कम कर दिया था। उसके अलावा आज तक श्वानों और पशुओं दोनों के ही खिलाफ अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

3421६
26-8-2021

(21)

# ्री के आगमन से पूर्व कलेक्टर- एसपी ने किया वैक्सीनेशन सेंटर्स का निरीक्षण





◆ रतलाम

2021

राजसिंह चौहान आज 26 मुख्यमंत्री के आगमन के षोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक के वैक्सीनेशन सेंटर्स का स्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री रतलाम भ्रमण के दौरान वैक्सीनेशन सेंटर का अवलोकन करेंगे।

कलेक्टर-एसपी ने बरबड़ स्थित विधायक सभागृह, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल एवं लायंस हॉल, राजस्व कालोनी के वैक्सीनेशन सेंटर्स की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती मीनाक्षीसिंह, ए डी एम श्रीमती जमुना भिड़े, एडिशनल एस पी सुनील पाटीदार, डॉ. इन्द्रजीत बाकलवार सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, एस डी एम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन सेंटर्स के आसपास समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इन स्थानों पर वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित होने वाले लोगों को व्यवस्थित रूप से वैक्सीनेशन के लिए पहुंचने का मार्ग निर्धारित किया जाए।

साथ ही वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित सभी व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था भी पर्याप्त करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज रतलाम में

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 26 अगस्त 2021 को रतलाम आएगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री चौहान



हेलीकॉप्टर द्वारा 26 अगस्त को दोपहर 1.20 बजे बंजली हवाई पट्टी आएगे। वे रतलाम में स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर इसी दिन दोपहर 3 बजे बंजली हवाई पट्टी से हेलीकॉप्टर द्वारा इंदौर प्रस्थान कर जाएगे।

मध्यप्रदेश में जारी वैक्सीनेशन महाअभियान के अंतर्गत रतलाम के वैक्सीनेशन केंद्रों का निरीक्षण करने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान रतलाम आएगे। मुख्यमंत्री रतलाम के रेलवे अधिकारी सभागृह, लायंस हॉल, विधायक सभागृह तथा रतलाम ग्रामीण के धामनोद के वैक्सीनेशन सेंटरों पर जा सकते है, जहां वे वैक्सीन लगवाने वाले हितग्राहियों से मुलाकात कर लोगों का उत्साहवर्धन करेंगे। मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन और पुलिस तैयारियों में जुट गए हैं।

26-8-2021

(18)

# 4 नए डेंगू पॉजिटिव, अब तक कुल 175 मिले, अब 27 से दोबारा होगा फीवर सर्वे

## शहर के विभिन्न इलाकों में अमले ने फॉगिंग की

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-8-2021

हमारे जिले में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बुधवार को 4 नए पॉजिटिव मिले हैं। इसी के साथ अब तक 175 डेंगू के केस मिल चुके हैं जबकि पिछले साल यह आंकड़ा सिर्फ 5 मरीजों पर ही अटका था। इधर अब शहर में 27 अगस्त से दोबारा सर्वे होगा।

जिले में डेंगू को लेकर अलर्ट जारी है। गुरुवार को मलेरिया विभाग की टीम ने प्रताप नगर, दीनदयाल नगर, ऑफिसर कॉलोनी, काटजू नगर क्षेत्र में फॉगिंग की है। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने बताया फीवर सर्वे अब शहर में दोबारा होगा। इसके लिए टीमों का गठन किया गया है। 27 अगस्त से 15 सितंबर तक अलग-अलग टीम शहर में सर्वे करेगी। इसमें आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी शामिल रहेंगी। टीमें सुबह 9 से शाम 3 बजे तक अपने-अपने क्षेत्र में लोगों से पूछताछ करेगी। इसके लिए फॉर्मेट भी तय रहेगा।



शहर के विभिन्न इलाकों में लगातार फॉगिंग की जा रही है।

उ० भारत 26-8-2021

# कोरोना के अलावा डेंगू और वायरल फीवर की रोकथाम भी जरूरी

**रतलाम।** प्रदेश में कोरोना के बाद डेंगू की दृष्टि से रतलाम काफी संवेदनशील हो गया है। जिले में वायरल बुखार का प्रकोप भी तेजी से बढ़ रहा है। इससे आमजन का स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना अति आवश्यक हो गया है।

कहा जा रहा है कि कोरोना से उबरने के बाद अगस्त-सितंबर महीने बीमारियों के लिहाज से भारी हैं। हाल ही में वायरल फीवर तेजी से बढ़ा है। जबकि इससे पहले डेंगू का दंश हावी हो रहा है। जिला अस्पताल में इन दिनों हर पांचवां व्यक्ति बुखार और कमजोरी की परेशानी लेकर आ रहा है। हालांकि ये बीमारी मौसमी है लेकिन मरीजों की संख्या में लगातार हो रही बढ़ौत्तरी चिंताजनक है।

इससे पहले डेंगू का प्रकोप डरा चुका है। अगस्त महीने में अब तक 100 के करीब मामले सामने आ चुके हैं। इन्हें मिलाकर कुल मरीजों का आंकडा पौने दो सौ के करीब पहुंच गया है। ये मामले निर्धारित व्यवस्था में जांच के कारण दिख रहे हैं, जबकि वास्तविक संख्या और अधिक हो सकती है। हर साल डेंगू की दस्तक सितंबर के बाद होती है, लेकिन इस बार जून-जुलाई से ही मरीज मिलना आरंभ हो गए थे। डेंगू के सितंबर के बाद ज्यादा बढ़ने की आशंका है इसलिए इसकी रोकथाम के लिए शहर में लगातार फॉगिंग की तैयारी चल रही है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सहित अन्य अधिकारी भी सक्रिय हैं।

## टीकाकरण का दूसरा महाअभियान

डेंगू और वायरल फीवर के प्रकोप के चलते कोरोना की तीसरी लहर का भय भी आम जनमानस में है। कोरोना से बचाव के लिए देश-प्रदेश में टीकाकरण पर सर्वाधिक जोर दिया जा रहा है। बुधवार और गुरूवार को फिर टीकाकरण का दूसरा महाअभियान रखा गया है। इसमें रतलाम शहर में शत-प्रतिशत लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है। दरअसल मास्क के उपयोग के बाद टीकाकरण ही कोरोना से बचने का बड़ा उपाय है। रतलाम में अब तक 85 प्रतिशत लोगों को टीके लगाए जा चुके हैं। बचे हुए लोगों में असहाय और बुजुर्गों के लिए घर-घर जाकर टीके लगाने की पहल भी की गई है। दो दिन के महाअभियान के बाद रतलाम के लक्ष्य के बहुत करीब पहुँचने की संभावना है।

3490/E
26-8-2021

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 3 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर राज-विजय फुलमण्डी हरमाला रोड़ पर 500, कोरियर ऐजेन्सी महू रोड़ पर 500, मदन अम्बेडकर नगर पर 250 व इकबाल फुलमण्डी हरमाला रोड़ पर 100 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी विनय चौहान द्वारा की गई।

26-8-2021

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर 4 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते है उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 24 अगस्त को 3 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी व झोन प्रभारी द्वारा खुले में गंदगी करने पर राज-विजय फुलमण्डी हरमाला रोड पर 500, कोरियर ऐजेन्सी महू रोड पर 500, मदन अम्बेडकर नगर पर 250 व इकबाल फुलमण्डी हरमाला रोड पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी विनय चौहान द्वारा की गई।

25-8-2021

(१५)

# टास्क फोर्स के फंडे से यातायात सुधर जाए, तो कम बदनाम होगा रतलाम

**रतलाम। मप्र शासन अब तक रतलाम जिले में कई कलेक्टर और एसपी पदस्थ कर चुका है। लेकिन यातायात व्यवस्था में स्थायी सुधार कोई नहीं कर सका। देश-प्रदेश में रतलाम ऐसे चर्चित है कि यदि यहां की बेतरतीब यातायात व्यवस्था में कोई वाहन लेता है, तो वह कहीं भी वाहन चला सकता है। उसे कहीं दिक्कत नहीं आएगी। विडंबना है कि यातायात सुधार के लिए प्रयास तो बहुत हुए। करोड़ों रुपए का बजट भी खर्च हुआ, लेकिन नतीजे सिफर रहे। रतलाम की बिगड़ी हुई यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए जबसे कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने टास्क फोर्स गठित किया है। तबसे शहरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि टास्क फोर्स वाला फंडा कामयाब हो जाए, तो रतलाम के माथे से बदनामी का दाग धुल जाएगा।**

शहर की यातायात समस्याएं किसी से छुपी नहीं है। अस्त-व्यस्त सड़कों के साथ-साथ मुख्य एवं बाजार के मार्गों पर जगह-जगह अवैध निर्माण और अतिक्रमणों की भरमार है। शहर के इतिहास में वर्तमान पीढ़ी को एक दशक पहले तत्कालीन एसपी मयंक जैन द्वारा चलाई गई अतिक्रमण विरोधी मुहिम के बाद यातायात में आंशिक सुधार नजर आया था, क्योंकि तब माणकचौक की संकरी मिर्ची गली में भी एसपी-कलेक्टर कार लेकर आसानी से निकले थे। वर्तमान में यहां दुपहिया वाहन से निकलना भी मुश्किलों से भरा है। पूर्व में कलेक्टर राजीव दुबे ने यातायात सुधार के लिए कुछ मोहल्लों में एकांगी मार्ग की व्यवस्था लागू करने का आदेश भी जारी किया था, लेकिन उसका क्रियान्वयन आज तक नहीं हो पाया है। इसी प्रकार यातायात सुधार के लिए प्रमुख चौराहों पर स्वचालित सिग्नल व्यवस्था भी लागू की गई, मगर उसे स्थायी रूप नहीं दिया जा सका। दो बत्ती चौराहा, सैलाना बस स्टैंड, लोकेंद्र टॉकीज चौराहा, नाहरपुरा आदि में इस व्यवस्था से थोड़ा सुधार हुआ था, लेकिन सिग्नल बंद होते ही सुधरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई।

बताया जाता है कि अब कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने यातायात सुधार के लिए गठित अधिकारियों की टास्क फोर्स को शहर में सड़कों, चिन्हित स्थलों, बाजार क्षेत्र और प्रमुख चौराहों का अध्ययन कर रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। इसके आधार पर जिला यातायात समिति की बैठक में यातायात व्यवस्था में आवश्यक परिवर्तन कर सुधार किया जाएगा। यातायात उप समिति की बैठक में कलेक्टर, नगर निगम, आरटीओ, सीएसपी रतलाम, शहर एसडीएम की संयुक्त टास्क फोर्स बनाई है। इसे शहर की यातायात व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का विस्तृत सर्वे करके 31 अगस्त तक रिपोर्ट प्रस्तुत करना है। रिपोर्ट में शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, चौराहों, यातायात सिग्नल, नो व्हीकल जोन, हाईवे के चिन्हित स्थलों आदि का अध्ययन रहेगा। इसके अलावा शहर में जगह-जगह लगने वाली सब्जी मंडियों की बैठक व्यवस्था सहित अन्य यातायात समस्याओं का भी समावेश रहेगा। टास्कफोर्स से 31 अगस्त तक रिपोर्ट मिलने के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं एसपी गौरव तिवारी द्वारा उठाए जाने वाले कदमों का सभी को इंतजार रहेगा।

## सड़कें सुधरे, तो यातायात सुधरेगा

यातायात व्यवस्था में सड़कों का अच्छा होना अति आवश्यक है। संयोग से वर्तमान में रतलाम की सड़कों की स्थिति काफी दयनीय हो रही है। सीवरेज योजना के लिए हुई खुदाई के बाद लगभग सभी क्षेत्रों में

..शेष पृष्ठ 8 पर

पृष्ठ 1 का शेष **टॉस्क फोर्स**

सड़कें बुरी स्थिति में हैं। कुछ प्रमुख मार्गों पर सीमेंट कांक्रीट मार्ग बनने के बाद स्थिति में सुधार आया है। दो बत्ती चौराहा क्षेत्र में भी सड़क निर्माण का कार्य बहुत ही धीरे-धीरे चल रहा है। रतलाम में सिटी फोरलेन, मिनी स्मार्ट सिटी योजना और सिटी रिंग रोड आदि के कार्य होने के बाद यातायात सुधरने की उम्मीद है। अन्यथा सड़कें ऐसी ही रही, तो कलेक्टर और एसपी के बदलते ही फिर व्यवस्था ध्वस्त हो जाएगी।

उपग्रह
28-8-2021

# आज दोपहर में आएंगे मुख्यमंत्री कलेक्टर-एसपी ने किया निरीक्षण





**रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आज रतलाम आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री श्री चौहान हेलीकॉप्टर द्वारा दोपहर 1.20 बजे बंजली हवाईपट्टी आएंगे। वे रतलाम में स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर इसी दिन दोपहर 3 बजे बंजली हवाईपट्टी से हेलीकॉप्टर द्वारा इंदौर प्रस्थान कर जाएंगे।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान 26 अगस्त को रतलाम आएंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी ने रतलाम शहर के वैक्सीनेशन सेंटर्स का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री रतलाम भ्रमण के दौरान वैक्सीनेशन सेंटर का अवलोकन करेंगे। कलेक्टर-एसपी ने बरबड़ स्थित विधायक सभागृह, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल एवं लायंस हॉल, राजस्व कालोनी के वैक्सीनेशन सेंटर्स की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ मीनाक्षीसिंह, एडीएम जमुना भिड़े, एडिशनल एसपी सुनील पाटीदार, डॉ. इन्द्रजीत बाकलवार सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम नें इस दौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झरिया, एसडीएम अभिषेक गहलोत को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन सेंटर्स के आसपास समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इन स्थानों पर वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित होने वाले लोगों को व्यवस्थित रूप से वैक्सीनेशन के लिए पहुंचने का मार्ग निर्धारित किया जाए। साथ ही वैक्सीनेशन के लिए उपस्थित सभी व्यक्तियों के बैठने की व्यवस्था भी पर्याप्त करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने सुरक्षा व्यवस्था एवं आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### दो दिवसीय विशेष महाभियान में शत-प्रतिशत टीकाकरण पर जोर, आज हुआ लक्ष्य से अधिक

# कोरोना से बचाव के लिए 12 केन्द्रों पर 70 हजार लोगों ने टीकाकरण करवाया



टीका लगवाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते लोग।



पिपलौदा

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

कोविड वेक्सीनेशन का महाभियान आज जिले के 205 केंद्रों पर आयोजित हुआ, जहां प्रात: से ही टीकाकरण के लिए महिला-पुरुष पहुंचे। जिले में 25-26 अगस्त के महाभियान में एक लाख टीके लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। आज 60 हजार टीके लगाने के लक्ष्य को भी पार कर लिया गया। कुल 70 हजार लोगों ने टीका लगवाया। गांव-गांव सहित विभिन्न टीकाकरण केंद्रों पर जिन लोगों ने वैक्सीन नहीं लगवाए थे उनकी भीड़ देखी गई। इससे लग रहा था कि वैक्सीन लगवाने के प्रति लोगों में काफी रुचि है, क्योंकि हर कोई चाहता है कि वैक्सीन लगवाकर कोरोना से मुकाबला किया जाए।

जिला पंचायत सीईओ मिनाक्षी सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। रतलाम शहर में 12 सेंटर बनाए गए हैं। शहर में लगभग 90 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों ने पहला डोज लगवा लिया है। शेष बचे



अलकापुरी कम्युनिटी हाल में टीका लगवाती महिला

पत्रकारों को बताया कि साप्ताहिक ग्रेडिंग में रतलाम सदैव टॉप-3 में शामिल रहा है। जिले में कई नगरीय निकायों में 80 से 90 प्रतिशत तक तथा कई नगरीय निकाय शत-प्रतिशत उपलब्धि वाली नगरीय निकाय हैं, जहां प्राय: सभी पात्र लोगों ने वैक्सीन लगवा लिए है। जिले में मंगलवार तक 6 लाख 74 हजार 527 व्यक्तियों अर्थात 61 प्रतिशत पात्र व्यक्तियों का प्रथम डोज का वैक्सीनेशन हो चुका है, जबकि दूसरे डोज का

25-8-21
26-8-2021